## खबर संक्षेप

### उपार्जन केन्द्रों के व्यवस्थाओं की मॉनिटिरिंग के लिए जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित

**मण्डला।** कलेक्टर के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु उपार्जन केन्द्रों के व्यवस्थाओं की मॉनिटिरिंग एवं कार्य में आने वाली कठिनाईयों की शीघ्रता से निराकरण हेतु जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष सहायक आयुक्त सहकारिता मण्डला के कार्यालय में स्थापित किया गया है। नियंत्रण कक्ष में पंजीयन/उपार्जन कार्य पूर्ण होने तक सहकारिता निरीक्षक श्री रितुराज भवेदी और उप अंकेक्षक कु. प्रार्थना गजभिये की ड्यूटी लगाई गई है। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री अजय झारिया को नियंत्रण कक्ष का प्रभारी नियुक्त किया गया है। नियंत्रण कक्ष में नियुक्त कर्मचारी/अधिकारी प्रतिदिन पंजीयन/उपार्जन से संबंधित प्राप्त होने वाली शिकायतों का संबंधित सहायक/कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों से निराकरण कराकर विवरण यथा सरल क्रमांक, दिनांक, शिकायतकर्ता का नाम, किसान कोड़, पता, दूरभाष नं., शिकायत का विवरण, अधिकारी जिसे निराकरण हेतु शिकायत भेजी गई एवं निराकरण एक पंजी में संधारित करेंगे। प्राप्त शिकायतों एवं निराकरण की दैनिक जानकारी खाद्य शाखा मंडला में प्रस्तुत करेंगे।

### प्रेक्षक राजा सिंह परिहार का हुआ मण्डला आगमन

**मण्डला।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा नगर परिषद बिछिया जिला मण्डला की फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण 2025 की कार्यवाही के प्रेक्षण हेतु नियुक्त प्रेक्षक श्री राजा सिंह परिहार, रा.प्र.से. (सेवानिवृत्त) का आज मंडला आगमन हुआ। श्री परिहार विश्राम गृह के नर्मदा कक्ष में ठहरे हुये हैं। प्रेक्षक द्वारा 7 मार्च 2025 से 12 मार्च 2025 तक पर्यवेक्षण कार्य किया जायेगा। नगर परिषद बिछिया जिला मण्डला की फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण की कार्यवाही के प्रेक्षण के दौरान आयोग के निर्देशानुसार आवश्यक व्यवस्था उपलब्ध कराने एवं उनके साथ भ्रमण हेतु श्री पी.के. कुरमारे, मुख्य कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा क्रमांक-2 मण्डला को 'संपर्क अधिकारी' एवं भ्रमण के दौरान उनके कार्यसंपादन हेतु श्री विशाल जॉगजुड़े, शीघ्रलेखक, कार्यालय संभागीय प्रबंधक, मोहगाँव परियोजना मण्डल मण्डला को नियुक्त किया गया है।

### मीरा दीदी के घर पहुँचे अधिकारी

**मण्डला।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा नारायणगंज क्षेत्र के भ्रमण के दौरान ग्राम चुटका में आदिवासी महिला मीराबाई मरावी के घर पहुँचे एवं शासन की योजनाओं का फीडबैक लिया। मीरा दीदी ने शासन से मिल रही योजनाओं के विषय में चर्चा की। अधिकारियों ने दीदी से बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील की। मीरा दीदी के आग्रह पर उनके घर स्वल्पाहार भी किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, एसडीएम निवास शाहिद खान, सीईओ जनपद पंचायत नारायणगंज श्री गौरीशंकर डेहरिया तथा सरपंच चुटका उपस्थित रहे।

### जिला चिकित्सालय के शिशु वार्ड की कराई गई सफाई

**मण्डला।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिला चिकित्सालय के शिशु वार्ड की साफ-सफाई कराई गई। सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे ने बताया कि शुक्रवार की सुबह भ्रमण के दौरान कलेक्टर महोदय ने शिशु वार्ड की साफ-सफाई के विषय में निर्देशित किया था। इसी सिलसिले में जिला चिकित्सालय के उक्त वार्ड में सघन सफाई की गई। अब शिशु वार्ड मरीजों और परिजनों के लिए पूर्णतः सुरक्षित है।

## नई पीढ़ी कौशल के क्षेत्र में आगे आएं-सोमेश मिश्रा

मण्डला

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने नारायणगंज विकासखंड के परमाणु परियोजना ग्राम चुटका का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित जन समुदाय से चर्चा करते हुए कहा कि नई पीढ़ी को कौशल के क्षेत्र में आगे आना चाहिए। शासन की कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लाभ उठाते हुए कौशल विकास के प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार के क्षेत्र में युवाओं को आगे बढ़ना चाहिए। भ्रमण के दौरान उन्होंने सचिव को निर्देशित किया कि ग्राम के दसवी पास युवक-युवतियों की सूची बनाएं तथा उन्हें उनकी रूचि अनुसार कौशल विकास के प्रशिक्षण हेतु प्रेरित करें। युवाओं को प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना की जानकारी देते हुए कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ लेकर युवा न सिर्फ स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकते हैं अपितु अपने साथ अन्य लोगों को भी रोजगार दे सकते हैं। हमारी युवा पीढ़ी को रोजगार मांगने वाले स्थान पर रोजगार देने वाला बनने की आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं से नशामुक्ति के लिए आगे आने की अपील की। इस दौरान ग्रामीणजनों से ग्राम की समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। पीएचई विभाग के अधिकारियों को पेयजल के लिए सर्वे करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, एसडीएम निवास शाहिद खान, सीईओ जनपद पंचायत नारायणगंज श्री गौरीशंकर डेहरिया, सरपंच चुटका एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।





### नशे को न, जिंदगी को हाँ-एसपी -

चुटका भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा ने उपस्थितजनों को साईबर अपराध के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज के समय में मोबाईल के माध्यम से फोन, वीडियो कॉल आदि के जरिए ठगी की जा रही है, इसके विषय में जागरूकता बहुत जरूरी है। युवाओं से चर्चा करते हुए उन्होंने ऑपरेशन क्लीनस्वीप की जानकारी देते हुए कहा कि नशामुक्त समाज के लिए हमारे युवाओं को आगे आना आवश्यक है। हमें नशे को न, जिंदगी को हाँ कहने की आवश्यकता है।

## बस स्टैंड के आसपास अतिक्रमण के कारण जाम की स्थिति


**नारायणगज।** जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत बस स्टैंड में बाजार हाट के दिन एवं हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है दुकानदार द्वारा अपनी दुकान के आगे दुकान लगाते हैं जिससे इतना चौड़ा बस स्टैंड जहां पर ऑटो एवं ठेला बालों ने पूरे बस स्टैंड पर कब्जा जमाए हुए हैं जिससे नारायणगंज से बस स्टैंड के जबलपुर मार्ग एवं मंडला मार्ग पर बसों को आने जाने में परेशानी हो रही है दुकानदारों की मनमानी से जाम की स्थिति निर्मित होती है बस स्टैंड से में मार्केट की में बीच रोड में दुकान लगते हैं जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है विगत कई बार समाचार पत्रों के माध्यम से शासन प्रशासन को अवगत कराया गया परंतु ठोस कार्रवाई न होने के कारण आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ता है बस स्टैंड में वाहनों की धमा चौकड़ी के कारण लोग पैदल चलना मुश्किल हो रहा है एम्बुलेंस के आने जाने में दिक्कत हो रही है बस स्टैंड के पास में ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है जहां पर मरीज रेगुलर आते जाते हैं एवं एंबुलेंस का आना-जाना लगा रहता है सड़कों में अवैध अतिक्रमण होने के कारण लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है साथ ही पालतू जानवरों द्वारा भीड़ में घुसकर लोगों को चोट पहुंचा रहे हैं गाड़ी से सामान छीन कर खा जाते हैं जानवरों द्वारा झुंड बनाकर हमला करते हैं जिससे आने-जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है अतः संबंधित अधिकारी से निवेदन है की तत्काल बस स्टैंड के आसपास अवैध अतिक्रमण को हटाया जाए ताकि लोगों को परेशानी का सामना ना करना पड़े





## 10 सालों से अधूरा पड़ा सामुदायिक भवन

**मण्डला।** ग्राम पंचायत बिनैका के किससे आए दिन सुर्खियों में आते हैं ऐसा ही एक मामला आया है जिसमें लगभग 10 सालों से अधूरा पड़ा सामुदायिक भवन जो की ग्राम पंचायत की पोशाक ग्राम कॉन्ड्रा में जीन सीन अवस्था में पड़ा हुआ है और वहीं दूसरी ओर रेवतीकलेज रोड पर तेजी से हो रहे अतिक्रमण में निर्माण कार्य कर कर लोग अपना कार्य कर रहे हैं इस और ना तो शासन प्रशासन का ध्यान है और ना ही स्थानीय नेताओं का जिससे यहां की पंचायत मनमानी तौर तरीके से अपने कार्य करती रहती है यहां की शिकायतें आए दिन जिला प्रशासन में होती है लेकिन कार्यवाही के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति होती है और कार्रवाई नहीं होती जिससे यहां के सरपंच सचिव और इंजीनियर के हौसले बुलंद है अब देखना है कि इस मामले में शासन व जिम्मेदार अधिकारी क्या कार्यवाही करता है।



## नारायणगंज नगर में मंत्री का फूंका पुतला, भारी विरोध प्रदर्शन

**नारायणगंज।** नारायणगंज में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के मंत्री प्रहलाद पटेल के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। ब्लांक कांग्रेस कमेटी ने बस स्टैंड पर विरोध प्रदर्शन किया, तथा कार्यकर्ताओं ने मंत्री का पुतला जलाने की कोशिश की। प्रशासन ने प्रदर्शन को देखते हुए बस स्टैंड परिसर पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया था। पुलिस ने कार्यकर्ताओं से पुतला छीनने की कोशिश की, विरोध कार्यक्रम में कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष #मागनलाल सोनी ने मंत्री पर आरोप लगाया कि उन्होंने कहा कि मंत्री जनता की मांगों को भीख बताकर लोकतंत्र का अपमान कर रहे हैं। जिसपर प्रदेश सरकार मौन है।

इस दौरान भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष मांगन लाल सोनी रघुनंदन विस्वकर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजुल ज्योतिषी युवा कांग्रेस अध्यक्ष रितेश सोनी (टिंकल), नगर अध्यक्ष रूपेश अग्रवाल, विपिन छत्रपाल सोनी, संदीप सोनी, गुन्ना सिंगरौली, ग्राम पंचायत पडरिया सरपंच छुट्टियल तेकाम, हिरदेश साहू, बलराम साहू ,मुबारक ख़ान प्रिंस अग्रवाल, राजाराम कूड़ापे, संदीप तिवारी, सौरभ साहू, गंगाराम यादव, राजू मरावी, मनीष बर्मन, सिद्धार्थ सोनी, सुनील मलगाम, दीपचंद विश्वकर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी यूथ कांग्रेस कमेटी के और भी कार्यकर्ता मौजूद रहे। ग्राम पंचायत बिनेका के किससे आए दिन सुर्खियों में आते हैं ऐसा ही एक मामला आया है जिसमें लगभग 10 सालों से अधूरा पड़ा सामुदायिक भवन जो की ग्राम पंचायत की पोशाक ग्राम कॉन्ड्रा में जीन सीन अवस्था में पड़ा हुआ है और वहीं दूसरी ओर रेवतीकलेज रोड पर तेजी से हो रहे अतिक्रमण में निर्माण कार्य कर कर लोग अपना कार्य कर रहे हैं इस और ना तो शासन प्रशासन का ध्यान है और ना ही स्थानीय नेताओं का जिससे यहां की पंचायत मनमानी तौर तरीके से अपने कार्य करती रहती है यहां की शिकायतें आए दिन जिला प्रशासन में होती है लेकिन कार्यवाही के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति होती है और कार्रवाई नहीं होती जिससे यहां के सरपंच सचिव और इंजीनियर के हौसले बुलंद है अब देखना है कि इस मामले में शासन व जिम्मेदार अधिकारी क्या कार्रवाई करता है।



## सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया की भावना को चरितार्थ करते हैं जन औषधि केन्द्र - संपतिया उईके




जिला चिकित्सालय परिसर में प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र का शुभारंभ

**मण्डला।** जन औषधि दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय परिसर में प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन की पीएचई मंत्री श्रीमती संपतिया उईके ने कहा कि जन औषधि केन्द्र सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया की भावना को चरितार्थ करते हैं। हमारी सरकार आमजन के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि 1 से 7 मार्च तक जन औषधि सप्ताह का आयोजन हुआ है। मण्डला और बिछिया में जन औषधि केन्द्र खोले जा चुके हैं, शेष अन्य 7 विकासखंडों में भी जन औषधि केन्द्र शुरू किये जाएंगे। सभी के स्वास्थ्य के लिए निरोगी काया अभियान शुरू किया जा रहा है। हम सभी को मिलकर आमजन का अभियान बनाना है। उन्होंने उपस्थितजनों से इस अभियान के प्रचार-प्रसार में सहभागी बनने की अपील की। उन्होंने 70$ वाले बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनवाने के कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए जिला प्रशासन की सराहना की। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके और सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर जन औषधि दिवस का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती उइके और सांसद सहित समस्त मंचासीन लोगों को पौधा भेंट कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि आमजनों को जेनेरिक दवाएं कम कीमत पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जन औषधि केन्द्र शुरू किये जा रहे हैं। यह शासन का महत्वपूर्ण कदम है। बीमारियों के उपचार के लिए ब्रांडेड दवाईयाँ आमजन को सुलभ हो यह संकल्प हमारी सरकार ने लिया है। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, नगर पालिका परिषद मंडला के अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, जिला भाजपा अध्यक्ष श्री प्रफुल्ल मिश्रा, नगर भाजपा अध्यक्ष श्री रानू राजपूत, अपर कलेक्टर श्री जेपी यादव, सीएमएचओ डॉ. केसी सरोते, सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे, तहसीलदार मंडला श्री हिमांशु भलावी सहित संबंधित उपस्थित थे।

### हितलाभ का किया गया वितरण -

शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया गया। मन्नूलाल को श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। अंशुल पड़वार, श्याम दास और अरमान भारतीया को आयुष्मान कार्ड से सफल उपचार हेतु शाल-श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ-साथ शमसुन्निशा, दुर्गा शंकर रजक, हरिप्रसाद प्रजापति और पलक सिंधिया को फूड बास्केट प्रदान किये गए।

## माहिष्मती घाट में पंच चौकी महाआरती में शामिल हुए सतगुरु बाबा ईश्वरशाह



**मण्डला।** आध्यात्मिक सतगुरु बाबा ईश्वर शाह मंडला प्रवास के दौरान माहिष्मती घाट में रोजाना हो रही मां नर्मदा पंचचौकी महाआरती में शामिल हुए। इस दौरान कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।हरिराया पूरण सतगुरु बाबा ईश्वर शाह मंडला आगमन पर शुक्रवार शाम को मां नर्मदा के पूजन अर्चन को पहुंचे और उन्होंने माहिष्मती घाट में आयोजित पंच चौकी महाआरती में सहभागिता की।पंचचौकी महाआरती का आयोजन अमृता चौक,रेवा चौक,नर्मदा चौक,शांकरी चौक और मेकलसुता चौक पर किया गया। इस दौरान बाबा जी ने मंडला पावन नगरी में रोजाना हो रही आरती के लिए प्रसन्नता जाहिर की और कहा कि यह खुशी की बात है कि मंडलावासियों पर मां नर्मदा की कृपा बनी हुई है। यह आयोजन श्रद्धा,भक्ति और आस्था का अनूठा संगम है। पंचचौकी महाआरती न केवल एक धार्मिक आयोजन है बल्कि यह श्रद्धालुओं के लिए नर्मदा मां के प्रति अपनी भक्ति व्यक्त करने का एक विशेष अवसर भी बन चुका है।उन्होंने आरती के दौरान सभी जनमानस की खुशहाली के लिए कामना की। इस दौरान बड़ी संख्या में जनसमुदाय उपस्थित रहा। आरती के पश्चात प्रसादी का वितरण किया गया।

## कलेक्टर ने किया शिशु वार्ड का औचक निरीक्षण



**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जिला चिकित्सालय के शिशु वार्ड का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वार्ड में उपचार के लिए भर्ती बच्चों के परिजनों से उनकी कुशलक्षेम पूछी। साथ ही मरीजों से ड्यूटी डॉक्टरों के राउंड, नाश्ते और अन्य जानकारी ली। वार्ड में चूहे होने की सूचना पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर की और अस्पताल प्रबंधक तथा सिविल सर्जन को तत्काल पेस्ट कंट्रोल कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. केसी सरोते, सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे, तहसीलदार मंडला श्री हिमांशु भलावी सहित संबंधित उपस्थित थे।

## श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर जी में 7 मार्च प्रारंभ हुआ अष्टान्हिका महापर्व

**मण्डला।** श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर जी में ब्र. अभय भैया जी के सानिध्य में 7 मार्च 2025 से 15 मार्च तक श्री सिद्ध चक्र महा मंडल विधान समाज के समस्त कमेटियों का और समाज का सहयोग योगदान समर्पण से प्रारंभ हुआ है अष्टान्हिका महा पर्व पर। ध्वजारोहण कर्ता प्रभा मां राजेश मुकेश प्रीति साक्षी (आर के होटल ) द्वार उद्घास प्रवेश प्रदीप रेखा राहुल अमन पूजा पाठ विधान में मुख्य पात्र सौधर्म इन्द्र राजकुमार सीमा कुबेर इंद्र राजेश मनीष श्री पाल मैना सुंदरी अनिल सविता वासल ईशान इन्द्र राजेश ज्योति सानत इन्द प्रदीप रेखा माहेन्द्र इन्द्र वीरेन्द्र रजनी अखंड दीपक स्थापना रानू गगन अमन कर्ता ब्रह्म इन्द्र धर्मेंद्र सपना लान्तव इन्द्र राजेश बबीता शुक्र इन्द्र पासु साक्षी कापिष्ठ इन्द्र अनूप छाया शतार इन्द्र संतोष नीता सहस्त्रार इन्द्र प्रयास दिशा आनत इन्द्र आशीष मीना प्राणत इन्द्र राजेश मीना आरण इंद्र सौरम ताशा प्रति इंद्र संजय नीना प्रति इंद्र सुभाष सुधा प्रति इन्द्र जयकुमार हेमलता प्रति इन्द्र प्रभात सीमा प्रति इन्द्र अनिल अर्चना प्रति इन्द्र राकेश जया प्रति इंद्र हंसा जैन मुख्य पात्र हैं ये सब।




## विशेष शिविर के माध्यम से स्वच्छता, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

मण्डला।

शासकीय महाविद्यालय अंजनिया की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नवीन कुमार हरदहा के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत बंजी में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के माध्यम से परियोजना कार्य अंतर्गत ग्रामवासियों को स्वच्छता, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। बौद्धिक परिचर्चा में 3 मार्च को रोहिणी प्रसाद शुक्ला राष्ट्रपति पुरस्कार सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक द्वारा स्वयंसेवकों को देशभक्ति, स्वच्छता गीत, नशामुक्ति संदेश एवं लघु प्रदर्शनी के माध्यम से प्रेरित किया गया। 4 मार्च को श्री राजीव मिश्र कार्यक्रम अधिकारी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधोपुर द्वारा ध्यान के लाभ, योग से निरोग, प्रकृति और योग विषय पर जानकारी प्रदान कर स्वयंसेवकों को सादा जीवन उच्च विचार की प्रेरणा ही गई। 5 मार्च 2025 को श्री शक्ति पटेल राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, केवलारी द्वारा शिविरार्थियों को सफल जीवन के लिए किए जाने वाले सकारात्मक प्रयासों, चिंतन, बुद्धि विकास, योग ध्यान आदि विषय मे समझाते हुए कैरियर निर्माण के लिए प्रेरित किया। भारतीय ज्ञान परंपरा और उसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा की रक्षा और हस्तांतरण के लिए स्वयंसेवकों को प्रेरित किया। 6 मार्च 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक द्वारा शिविर स्थल का निरीक्षण कर शिविरार्थियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। परियोजना कार्य अंतर्गत ग्राम पंचायत बंजी की नहर में जल संरक्षण का संदेश देते हुए बोरी बंधान का कार्य किया गया। बौद्धिक सत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बंजी पटवारी श्री अंकित साहू, सचिव श्री यादव, सहायक सचिव श्री धुर्वे, पेसा मोबेलाइजर श्रीमती शर्मिला मार्को को आमंत्रित किया गया, श्री अंकित साहू द्वारा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कैसे करें इस विषय पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। सचिव द्वारा विभिन्न शासकीय योजनाओं से स्वयंसेवकों को अवगत कराया गया।

## खबर संक्षेप

### विभागों में कर्मचारियों की कमी के चलते अनेक योजनाओं पर समय से नहीं हो पा रहा अमल



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

यह बात अलग है कि केन्द्र से लेकर प्रदेश सरकार द्वारा आम लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए अनेक प्रकार की जन कल्याणकारी योजनाएं चलाते हुए वह आमजन का भला करने की सोच रखे हुए है, मगर उन योजनाओं का सही क्रियान्वयन की सच्चाई पर गौर किया जावे तो वह अनेक विभाग में चल रही अधिकारियों व कर्मचारियों की कमी के चलते शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन मात्र औपचारिकता पूर्ण ही साबित होते हुए जान पड़ रहा है? क्योंकि सरकार की बेहतर मानी जाने वाली जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की गति वर्तमान में धीमी होने की स्थिति में इन दिनों क्षेत्रवासी निराशा में डूबने मजबूर हो गए है? जानकार सूत्रो के अनुसार यदि देखा जावे तो सरकार आमजनों के हितों को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई अधिकांश योजनाओं के जमीनी धरातल पर अमल में लाने के लिए शासकीय विभागो में कर्मचारियों की कमी बाधा बन रही है या फिर अधिकारी अपनी वाही वाही लूटने के उद्देश्य से उन योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के नाम पर सिर्फ कागजों तक सीमित रखते हुए सिर्फ औपचारिकता निभाते हुए ही जान पड़ रहे है? क्योंकि लगातार जन सुनवाई कार्यक्रमों का आयोजन होने के बाद भी आये दिन लोगों को अपनी समस्याओं के चलते अधिकारियों से लेकर नेताओं के कार्यालयों के चक्कर काटते हुये आसानी से देखा जा रहा है। जिसमें उनके द्वारा अपनी शिकायतों में यह बात का उल्लेख करते हुये देखे जा रहे है कि उन्हें इस योजना का लाभ नही मिल रहा है या फिर इस समस्या से जूझ रहे है? अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जब शासन के अधिकारियों द्वारा निर्धारित दिवसों पर जन सुनवाई या फिर शिविरों का आयोजन करते हुये शासन की योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाया जा रहा है तो फिर इसके बाद लोग परेशान होते हुये क्यों घूम रहे है, निश्चित ही आम लोगों को परेशान होते हुये देखकर इस बात का खुलासा होने से नही चूक पा रहा है कि अधिकारियों द्वारा आमजन की समस्याओं का निराकरण करने या फिर में दिलचस्वी नही ली जा रही है या फिर मात्र औपचारिकता ही निभाई जा रही है, जिसके चलते आम लोगों को परेशान होते हुये देखा जाना आम बात बन चुकी है? वही दूसरी ओर अनेक शासकीय विभाग कर्मचारियों की कमी से भी जूझते हुये देखे जा रहे है जिसके चलते आमजनों के लिये परेशानी का कारण साबित होने से नही चूक पा रहा है। क्योंकि इस समय अनेक शासकीय विभागो में कार्यरत कर्मचारियो के सेवानिवृत्त होने का सिलसिला चल रहा है और बहुत से शासकीय कर्मचारी ऐसे है जिन्हे तबादला फेक्ट्री की भेंट चढ़ा दिया गया है। जिसके चलते अनेक विभागों में खाली हुई पदों की भरपाई नही होने की स्थिति में वह पद खाली पड़े हुये है जिनके माध्यम से आम लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सकता था, मगर जब उन पदों पर जिम्मेदार अधिकारी या कर्मचारी ही नही होगे तो फिर शासन की योजनाओं का समय पर लाभ मिल पाना मात्र एक कल्पना के आलवा और कुछ साबित होने वाला नही है।

### तेजी से घट रही दुधारू पशुओं की संख्या

सिंहपुर छोटा। अगर इसी रप्तार से दुधारू पशुओं की संख्या घटती रही तो निश्चत ही आने वाले दिनों मे नौमिहालो को दूध के लाले पड सकते है। वह दिन दूर नही जब दूध के दाम आसमान छुने से नही चुकेगें और नगरिक दूध के लिए यहां वहां भटकने मजबूर होगें। किसानो मे दुधारू पशु पालने के प्रति मोहभंग हो जाने से पशुओं की संख्या घटती जा रही है वही सरकार भी इससे अनजान बनी हुई है, जिससे अब किसान भी दूध का उत्पादन करने के बजाय अन्य व्यसाय पर ज्यादा जोर देने लगे है,पशु चिकित्सा विभाग से प्राप्त आंकडो के अनुसार निरंतर पशुओं की संख्या घटती जा रही है और आज स्थिति यह हो गई है कि लोग दुधारू पशु पालने से ही तौबा करने लगे है।

**तहसील सभागार कक्ष में आयोजित बैठक में रंगों के त्यौहार को शांति पूर्वक मनाने के लिये अनेक बिंदुओं पर लिये निर्णय...**

# होली के त्यौहार पर डीजे व मुखौटा लगाने पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध, नगर की शांति व्यवस्था को भंग करने वालों पर पुलिस द्वारा रखी जावेगी पैनी नजर

गाडरवारा।

रंगों से भरा हुआ होली त्यौहार इस तरह से होता है कि लोग अपनी मर्यादाओं भूलने में कोई कसर नही छोड़ते है। इसी के चलते पुलिस प्रशासन के लिये होली त्यौहार एक चुनौती के समान साबित होने से नही चूकता है..? क्योकि इस साल बडे ही त्रिवेणी संगम के बीच पड़ रहा होली त्यौहार निश्चित तौर से पुलिस व प्रशासन के लिये एक चुनौती के समान दिखाई देने से नही चूक पा रहा है? क्योंकि मुस्लिम भाईयों का रमजान माह के बीच होली त्यौहार पड़ रहा है। इस तरह होली के बीच रमजान माह का संगम के चलते पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था बनाने की व्यवस्थाओं में जुटीं हुई देखी जा रही है। इसी बात को ध्यान में रखते हुये जहां पुलिस प्रशासन अभी से पूर्णत: अलर्ट मूड में नजर आने लगा है।





वही दूसरी ओर गाडरवारा अनुविभाग के अंतर्गत सभी पुलिस थानों से लेकर पुलिस चौकियों में शांति समिति की बैठको का आयोजन करते हुये लोगों को जरूरी दिशा निर्देश जारी किये जा रहे है। इसी के चलते शुक्रवार को नगर के तहसील सभागार में शांति समिति की बैठक आयोजन नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा के आलवा अनुविभागीय अधिकारी कलावती व्यारे, प्रभारी उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा, नगर निरीक्षक विक्रम रजक, तहसीलदार प्रियंका नेताम व मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख अन्य गणमान्य लोगों की मौजूगी में आयोजित की गई। होली का त्यौहार शांति पूर्वक मनाने को लेकर आयोजित बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार आगामी होलिका दहन, धुरेड़ी, रंगपंचमी, चैत्र नवरात्र, शबे बारात, रमजान माह, ईद त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए आयोजित की गई बैठक अधिकारियों ने कहा कि जिले में शांति, आपसी सौहार्द, सदभाव एवं एकता की गौरवशाली परंपरा रही है। इसी के अनुरूप आगामी त्यौहार मनाये जायेंगे। उन्होंने होलिका दहन में लकड़ी की अपेक्षा गोबर के कंडे व गौकाष्ठ का उपयोग करने पर जोर दिया। बैठक में नागरिकों से अपील की कि नगर गाडरवारा की शांति, सद्भाव एवं एकता की गौरवशाली परंपरा के अनुरूप जिसके चलते आगामी होली, रंगपंचमी सहित सभी त्यौहार मिल- जुलकर आपसी भाईचारे के साथ मनाये जायें। बैठक में कुछ लोगों द्वारा महत्वपूर्ण सुझाव दिये। इन पर अमल का भरोसा अधिकारियों द्वारा दिया गया। वही बैठक में निर्णय लिये गये कि में होलिका ऐसे स्थान पर रखी जाये, जहां आवागमन प्रभावित नहीं हो। होलिका दहन रात्रि 10 बजे तक करा लिया जाये। होलिका दहन स्थलों का निरीक्षण किया जाये। विद्युत तारों/ टेलीफोन लाइन के नीचे होलिका न रखी जाये और मुख्य रूप से डामर व सीसी रोड पर होलिका दहन नहीं हो क्योंकि जिस सड़क पर होलिका दहन होता है वह सड़क बाद में खराब हो जाती है जिससे हम सभी लोगों को परेशान होना पड़ता है। इस बारे में जागरूकता बढ़ाने पर जोर देते हुए मुनादी कराने के लिए के लिये संबंधित निर्देशित किया गया। क्योंकि यह निर्णय उच्च स्तर पर आयोजित शांति समिति की बैठक में लेते हुये वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भी आदेश दिये गये है।। वही होली त्यौहारों में डीजे पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा, वही कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के प्रावधानों का कड़ाई से पालन हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे। वही दूसरी ओर अक्सर देखा जाता है कि तत्वों द्वारा होली की आड में मुखोटा लगाते हुये अप्रिय घटनाओं को अंजाम देने से नही चूकते है। इस बात को ध्यान में रखते हुये मुखोटा व डीजे पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। क्योंकि इस समय चल रही वोर्ड परीक्षाओं को देखते हुए इसमें कोई रियायत नहीं दी जायेगी। इसके बाद भी यदि कोई मनमानी करता है तो सख्ती से कार्रवाई कर ध्वनि विस्तारक यंत्र जब्त किये जायेंगे और बाउंड ओवर की कार्रवाई की जायेगी। यदि किसी कार्यक्रम में आवश्यक होने पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग एसडीएम की अनुमति के बाद ही किया जा सकेगा। धुरेड़ी एवं रंग पंचमी में केमिकल युक्त पीली मिट्टी का उपयोग नहीं हो। आमजन ज्वलन शील रंगों/ पेस्टों/ गोबर/ कीचड़ का इस्तेमाल न करें। हर्बल रंगों को प्राथमिकता दें। वही दूसरी ओर अवैध शराब की बिक्री नहीं होगी, इसके लिये पुलिस एवं आबकारी विभाग इस पर लगातार निगरानी रखकर कार्रवाई करेंगे। वही दूसरी ओर वरिष्ठ अधिकारियों सहित स्थानीय अधिकारियों ने निर्देशित दिया गया है कि यदि शराब दुकानें शासन के निर्देशानुसार बंद नहीं होंगी तो दुकानें सील कर लायसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जायेगी। अवैध शराब के विक्रय पर भी सख्त कार्रवाई की जायेगी। वही दूसरी ओर वर्षो से जिन स्थानों पर होलिका दहन होता चला आ रहा है उन्ही स्थानों पर होलिका दहन किया जावे। क्योंकि पूर्व में नगर कुल 40 स्थानों पर होलिका दहन होता है जिसमें 11 बड़ी होलिका व 29 छोटी होलिका दहन के स्थान निर्धारित है। जिन स्थानो पर बड़ी होलिका दहन होते है उसमें रेल्वे स्टेशन गाधी वार्ड, पलोटन गंज, पानी की टंकी के पास, पुरानी चौकी तिरहा, नदी मुहल्ला छिडाव घाट, पलोहा नाका, बस स्डेन्ट, पुरराना गल्ला मंडी, राठी तिरहा, बल्लभ मार्केट के पास निर्धारित है वही छोटी होलिका दहन वाले स्थानों में रेस्ट हाऊस स्टेश, चीचली रोड, राजवंश होटल के पास, एमबीबीएस होटल पास बीटीआई स्कूल के सामने, पलोटन गंज रोड आचार्य मंदिर के सामने, स्टैट बैक के सामने, राममंदिर के सामने, चांवडी तिरहा, माता वार्ड बगीचा, कुई मुहल्ला, निरंजन वार्ड, हाथ गेट के सामने हलेबी, जगदीश वार्ड, राजीव वार्ड, बिन्डा मुहल्ला, रायल्टी आफिस के पास, महाकाल तिरहा, एमपीईबी कालोनी, तपोवन स्कूल के पास, कुचबंयिा मुहल्ला, पुराना बस स्टेन्ड, पंचवटी कालोनी, खकरिया मंदिर के पास, नर्मदा कालोनी, जमाडा रोड, पतलोन रोड, यशोदा नगर व मरघटा मुहल्ला शामिल है। इस तरह नगर में कुल 40 स्थान होलिका दहन के लये निर्धारित है। वही अधिकारियों द्वारा होलिका दहन में लकड़ी की अपेक्षा गोबर के कंडे व गौकाष्ठ का उपयोग किया जाने की अपेक्षा व्यक्त करत हुये कहा कि इससे हम लकड़ी की बचत कर सकते है। वही होली के मौके पर असामाजिक तत्वों की निगरानी की जावे तथा जबरन चंदा वसूली नहीं की जाये तथा अश्लील गीत- संगीत नहीं बजाया जाये। किसी अजनवी व्यक्ति पर जबरन रंग गुलाल नहीं डाला जाये। वही व्यापारी वर्ग उत्तम किस्म के रंग- गुलालों की बिक्री करें जिससे किसी को कोई क्षति का सामने करने से बचाया जा सके। वही होली/ रंगपंचमी त्यौहारों के दौरान एक घंटे अतिरिक्त जल आपूर्ति की व्यवस्था नगरीय निकायों में की जायेगी। सिविल सर्जन जिला व स्थानीय अस्पताल और सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में आकस्मिक चिकित्सा दल की ड्यूटी आवश्यक दवाईयों के सहित लगायेंगे। एम्बुलेंस एवं 108 वाहन मुस्तैद रहेंगे। होलिका दहन स्थलों पर आवश्यक पुलिस बल तैनात रहेगा व पेट्रोलिंग करेगा। शराब पीकर गाड़ी चलाने एवं वाहन में ओव्हर लोडिंग पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। होली/ धुरैड़ी व रंगपंचमी पर सभी नर्मदा घाटों पर एसडीआरएफ/ होम गार्ड के जवान तैनात रहेंगे। इस तरह नगर के तहसील सभागार में आयोजित शांति समिति की बैठक में इसके आलवा अन्य विशेष मुद्दो पर भी चर्चा की गई।

## स्व सहायता समूह से जुड़कर बोहानी की महिलाओं के जीवन में आया बदलाव, ग्राम बोहानी पहुंचकर कलेक्टर ने महिला सदस्यों से की बातचीत





**गाडरवारा।** समीपस्थ ग्राम बोहानी में जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों से चर्चा की गई। ज्ञात हो कि यहाँ संचालित स्वसहायता समूह एवं संगठन में 433 लक्षित परिवार, कुल समूह संगठन एक, 45 कुल समूहों की संख्या और 478 समूह से जुड़े परिवारों की संख्या है। वही बताया जाता है कि यहाँ की महिलायें उद्यम सखी, कृषि सखी, बैंक सखी के रूप में कार्य कर रही हैं तो कुछ महिलायें बकरी पालन, अचार, पापड़ बनाने के काम से स्वयं को जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं और ख़ुशहाल रूप से जीवन यापन कर रही हैं। महिला सदस्य ने अपने जीवन में आए बदलाव से ख़ुश हैं। महिला सदस्यों ने कलेक्टर श्रीमती पटले से बड़ी ही बेबाकी से बातचीत की और स्वसहायता समूह से जुड़कर उनके जीवन में आए बदलाव की कहानी सुनाई। पिछले चार साल से बैंक सखी बनकर महिला सशक्तिकरण और सेवा का अनूठा उदाहरण पेश करती श्रीमती सुनीता जाटव ने बताया कि वे कक्षा बारहवीं तक पढ़ी हैं। वही अपने गांव में लोगों को बैंकिंग सुविधा उपलब्ध करा रही हैं, ताकि लोगों को बैंक संबंधी कार्यों के लिए कहीं ओर ना जाना पड़े। इनके द्वारा गांव में वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, नरेगा मजदूरी भुगतान, स्वसहायता समूह की राशि का लेनदेन एवं अन्य बैंकिंग कार्य किए जाते हैं। इसके साथ ही वे बैंक खाते खोलने का भी कार्य करती है। इसी प्रकार से श्रीमती जाटव बताती है कि बैंक सखी के रूप में काम करते- करते उन्हें बैंकिंग प्रणाली की समझ होने लगी। स्वसहायता समूह से जुड़कर उन्होंने अपनी आमदनी बढ़ाने की सोची। बैंक के माध्यम से उन्होंने छह लाख रुपये का लोन लिया और ट्रैक्टर ख़रीदा। वही बताती है कि कृषि कार्य और अन्य कार्यों से प्रति माह बीस से पच्चीस हज़ार रुपए मिल रहे हैं। इससे वे हर माह किश्त समय पर चुका देती है। श्रीमती जाटव ने कलेक्टर श्रीमती पटले को बताया कि इस साल उनके द्वारा करीब 43 लाख रुपए का लोन वितरण का कार्य करवाया है। ग्राम बोहानी के ही ओम नमः शिवाय स्वसहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति कुर्मी ने भावुक होते हुए बताया की उनके पति की मृत्यु हो चुकी है। ऐसे में उन्हें अपने परिवार की देखभाल और बच्चों की पढ़ाई- लिखाई की चिंता सताने लगी थी। मगर समूह गठन की जानकारी मिली और समूह से जुड़कर अपनी आय बढ़ाने का सोचा। इस तरह समूह के सदस्यों के लिए क्रेडिट योजना तैयार कर उचित ब्याज़ दर पर ऋण प्रदान किया गया। समूह के सदस्यों ने नियमित बचत कर लोन चुकाना प्रारंभ किया। पहले उन्होंने सुपारी काटने का काम शुरू किया। कई समय तक उन्होंने यह कार्य किया। इसके बाद उन्होंने स्कूल में मध्यान्ह भोजन का काम मिला और वे बच्चों के लिए भोजन बनाने के काम में जुट गई। बच्चों की पढ़ाई- लिखाई करवाई। बच्चे सरकारी नौकरी में है। बोहानी की महिलायें बताती है कि स्व-सहायता समूह में जुड़ने से पहले उनकी स्थिति बहुत दयनीय थी, वे अपने घर से बाहर नहीं निकलती थी। न ही उन्हें किसी योजना का ज्ञान था। घर की चार दीवार में रहती थी। घर में हर समय पैसे की तंगी रहती थी, इस कारण वे मन का कार्य पैसों के अभाव में नहीं कर पाती थी। लेकिन स्व सहायता समूह से जुड़कर अब वे आत्मनिर्भर बनकर मिसाल पेश कर रही है। कलेक्टर श्रीमती पटले ने खुश होकर कहा कि समूह की उन्नति से सदस्यों की उन्नति होती है और आप यह कार्य और अच्छे तरीके से करें। आपके द्वारा निर्मित उत्पाद लोग आपके घरों से खरीदें, इसके लिए ऑनलाइन प्लेटफार्म जैसे यूट्यूब आदि के माध्यम से सीखें। ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ग्राम बोहानी में 8 महिला सदस्यों को मुख्यमंत्री आर्थिक कल्याण योजना के तहत 4 लाख रुपये, 8 महिला सदस्यों को मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत 8 लाख रुपये और कामगार सेतु से 15 महिलाओं को हितलाभ प्रदान किये जा चुके हैं। इसी तरह 15 सदस्यीय उत्पादन समूह द्वारा एक वर्मीकम्पोस्ट, 15 महिला सदस्यों के लिए मनरेगा अभिसरण से वर्मी कम्पोस्ट पिट और 200 सदस्यों के साथ पापड़ उद्योग सीएलएफ के माध्यम से क्लस्टर गतिविधि प्रस्तावित है। आजीविका मिशन से जुड़े समूह सदस्यों द्वारा की महिलाओं द्वारा कृषि कार्य, वर्मी कम्पोस्ट निर्माण कार्य में 15 महिला सदस्य, 15 सदस्यों द्वारा बकरी पालन, 25 सदस्यों द्वारा गाय- भैंस पालन का कार्य कर रही हैं। उद्यानिकी विभाग के माध्यम से संजय निकुंज बोहानी में प्राप्त भूमि पर फसल एवं सब्जी उत्पादन में 6 समूह की 64 सदस्य, एक समूह के 10 सदस्यों द्वारा सीएनजी कार्य कर रही हैं।आजीविका मिशन से जुड़े समूह सदस्यों द्वारा की जा रही गैर कृषि गतिविधि में 5 सदस्यों द्वारा किराना दुकान, 15 सदस्यों द्वारा मनिहारी की दुकान, 2 सदस्यों द्वारा चाय- नाश्ता की दुकान, एक सदस्य द्वारा चाट- फुल्की की दुकान और 12 सदस्य द्वारा राजमिस्त्री का काम कर रही हैं। इसके अलावा 25 सदस्य द्वारा गणवेश सिलाई के माध्यम से 5164 ड्रेस तैयार कर लाभांवित हुई हैं। गणवेश सिलाई के माध्यम से सदस्यों को 15 लाख 49 हजार 200 रुपये को राशि प्राप्त हुई है।

## देवी भागवत कथा के अंतिम दिन सुनाई मां गंगा के अवतरण की कथा

गाडरवारा।





स्थानीय पलोटन गंज शक्तिधाम दरबार परिसर में चल रही मां दुर्गा देवी भागवत कथा एवं शतचंडी यज्ञ में अंतिम दिन श्रद्धालुओं का भारी जन सैलाब उमड़ते हुये देखा गया। शक्तिधाम पलोटनगंज में मां दुर्गा देवी प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आयोजित विशाल धार्मिक कार्यक्रम में छठवें दिन की देवी भागवत कथा में कथ ावाचक पंडित दीन बंधुशरण शर्मा श्रीधाम वृंदावन ने भगवान की स्तुति करने के उपरान्त वेदव्यास महर्षि द्वारा लिखी गई श्रीमद देवी भागवत कथा का व्याख्यान किया। इस दौरान उन्होंने मनुष्य को जीवन में संयम, सदाचार, आचरण, क्षमा प्रदान करने का भाव होने पर जोर देते हुये कहा कि मां भगवती के विभिन्न रूपों के दर्शन करवाते हुए कहा कि देवी के सभी रूप देवताओं मनुष्य तथा भगवान शिव की इच्छा से ही प्रगट हुए हैं। सुर और असुर में सामाजिक अराजकता खत्म करने के लिए देवी के विभिन्न रूप प्रगट हुए। कथा के दौरान उन्होंने कहा कि मनुष्य की आकांक्षाएं हमेशा बढ़ती है, जिसके कारण उसे दुख का सामना करना पड़ता है। असुर हमेशा महत्वकांक्षा के चलते जलन में ग्रस्त रहे, जिसके कारण सामाजिक व्यवस्था उथल पुथल हुई। उथल पुथल को खत्म करने के लिए ही देवी ने अवतार लिया। कथा में बताया कि उन्होंने संकल्प करवाया कि वे अगर जीवन में सुखमय व्यतीत करना चाहते हैं तो उन्हें धार्मिक प्रवृत्ति धारण करनी होगी। कथा के अंतिम दिन गंगा माता के अवतरण की कथा, नरकों का वर्णन, तुलसी मैया की कथा, सती सावित्री की कथा, मनसा मैया की कथा, सदाचार का वर्णन, भस्म लगाने की महिमा, रुद्राक्ष की महिमा एवं शौचाचार का वर्णन करते हुए गायत्री मंत्र की महिमा बताई। वही दूसरी ओर इसके अलावा मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। इस तरह प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन मातारानी की प्रतिमा को स्थापित होने के साथ किया गया। बताया जाता है कि मातारानी के नव निर्मित मंदिर में विराजमान की गई माँ जगतजनी की एक झलक पाने के लिये लोग उत्साहित हो रहे थें। जैसे ही उनके आंखों की पट्टी हटाई गई तो लोग दर्शन करने के बाद झूमने से नही चूक पाये। वहीं यज्ञ के अंतिम दिन यज्ञ शाला यजमानों से खचाखच भरी रही। ज्ञात रहे शक्तिधाम परिवार द्वारा संगीतमय श्रीदेवी पुराण का विशाल आयोजन एक मार्च से सात मार्च तक चला। प्रतिदिन दोपहर तीन बजे से छह तक मंदिर परिसर कथा स्थल पर कथावाचक पंडित दीनबंधुशरण शर्मा श्रीधाम वृंदावन द्वारा कथा प्रवचन हुए। इसके अलावा शतचंडी महायज्ञ में यज्ञाचार्य पंडित भगवान दास शास्त्री इंदौर के सानिध्य में अनुष्ठान किया गया। शक्तिधाम परिसर में यज्ञ एवं देवी पुराण कथा श्रवण करने अपार भीड़ पहुंचती रही। आज विशाल भंडारा प्रसादी का आयोजन किया जावेगा।

## दादा धूनी वालों की नगरी हो रही बदहाल, नगर में कचरा या कचरे में नगर का अंतर खोजना हो रहा है



हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।

जहां एक ओर सरकार द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण के नाम पर नगर परिषदों को सभी साधन उपलब्ध कराने के लिये हर साल करोड़ो रूपया खर्च किया जा रहा है। मगर इसके बाद भी दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा की सच्चाई देखकर यह अंतर निकालना मुश्किल हो रहा है कि नगर में कचरा है या फिर कचरें में यह नगर स्थापित किया गया है...? सच्चाई पर गौर किया जावे तो यहां पर स्वच्छ भारत अभियान की धज्जियां उडाऩे में अधिकारी कोई कसर नही छोड़ रहे है। जहां स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत केंद्र सरकार विभिन्न योजनाएं चला रही है तो दूसरी ओर इन योजनाओं के माध्यम से लाखों रुपए की राशि नगर को स्वच्छ रखने के लिए खर्च करने हेतु शासन द्वारा प्रदान किये जाने के बाद भी नगर परिषद सांईखेड़ा के जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता इस सच्चाई के चलते उजागर होने से नही चूक रहे है। यहां पर नगर की कालोनियों, गलियों से लेकर धार्मिक स्थलों के आसपास फैल रहा कचरे के चलते लोगों का जीना दुभर होने से नही चूक पा रहा है। बताया जाता है कि बीते हुये लगभग छः महीने से नगरवासियों को कचरा गाड़ी के दर्शन दुर्लभ हो चुके है। इसी के चलते नगर के मुख्य मार्गो से लेकर कालोनियों की रास्ते कचरे से अटे पड़े हुये देखने मिल रहे है। नगर के अनेक वार्डों में तथा नगर की पहचान दादाजी धूनी वालों के मुख्य द्वार के सामने स्टेट हाईवे 44 के पास नगर परिषद द्वारा स्थापित यात्री प्रतीक्षालय के बगल में कचरे का एक बड़ा ढेर बनते जा रहा है। इसी प्रकार मंदिरों के पास कचरें व गंदगी का अम्बार होने के कारण वार्ड वासियों का सांस लेना मुश्किल होने से नही चूक रहा है। इस तरह गंदगी के चलते जहां अनेक प्रकार के मच्छर जन्म लेने से नही चूक रहे है। वही नगर में बीमारी फैलने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है। इस तरह देखा जावे तो स्वच्छता के नाम पर शासन द्वारा खर्च की जा रही राशि का उपयोग यहां पर मात्र कागजों पर चलते हुये दिखाई देने से नही चूक रहा है।

## रमजान के पहले जुमा में अमनो अमान के लिए मांगी दुआएं



**गाडरवारा।** मुस्लिम भाईयों के चलते रहे पवित्र रमजान के पहले जुमा पर मस्जिदों में नमाजियों ने सजदा कर अल्लाह से अमनो अमान के लिए दुआ मांगी गई। बताया जाता है कि शुक्रवार को जामा मस्जिद तथा नगर की छोटी मस्जिद में नमाजियों की भारी संख्या रही । रमजान में मुस्लिम समाज के लोग रोजा रखकर इबादत में लगे हुए है। जुमा के दिन रोजा इफ्तार का मंजर भी देखने काबिल रहा। इस दौरान सभी लोगों ने खुशनुमा अंदाज के साथ पहले जुमे पर अल्लाह का शुक्र अदा करते हुए रोजा इफ्तार किया । मुस्लिम समुदाय के लोग सुबह शहरी करने के उपरांत दिनभर रोजा रखकर शाम को मगरिब की अजान होते ही रोजा इफ्तार करते हैं । रमजान में मुस्लिम समुदाय के लोग कसरत के साथ इबादत में जुटे हुए हैं।

## शिक्षक संदर्भ समूह ने किया चिरह कला मे शिक्षक एवं छात्रा को सम्मानित



**गाडरवारा।** समीपस्थ ग्राम चिरहकला की शासकीय माध्यमिक शाला में कक्षा 5 एवं 8 वी की वार्षिक परीक्षा उपरांत शिक्षक संदर्भ समूह ने जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी मे मॉडल प्रदर्शन कर उसका बेहतर प्रस्तुतीकरण करके जिले की कलेक्टर श्रीमति शीतला पटले से शाबासी लेने वाली कक्षा 8 वी की छात्रा महिमा प्रजापति एवं मार्गदर्शी शिक्षक सचिन लहरिया को सम्मानित किया। बताया जाता है कि इस अवसर पर बीएसी पवन राजौरिया एवं शिक्षक संदर्भ समूह के ब्लॉक समन्वयक मधुसूदन पटैल ने छात्रा एवं शिक्षक को सम्मानित करते हुए कहा कि शिक्षक संदर्भ समूह का उद्देश्य हमेशा से ही नवाचार युक्त शिक्षा को प्रोत्साहित करने का रहा हैं। ग्रामीण परिवेश से निकलकर जिला स्तर पर मॉडल निर्माण मे बेहतर प्रदर्शन करना बहुत बड़ी बात हैं। इस अवसर पर शिक्षक रूपी जैन, उमा ठाकुर, दीप्ती जाटव, गोपाल साहू, राहुल कोरी, ममता चौहान सहित स्कूल के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि जिला समन्वयक सिराज अहमद सिद्धिकी के नेतृत्व मे शिक्षक संदर्भ समूह स्कूलों मे नवाचार को आगे बढ़ाने की दिशा मे निरंतर प्रयत्नशील है।

## प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों मे स्थानीय परीक्षाएं प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा

क्षेत्रीय शासकीय एवं माध्यमिक स्कूलों मे राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार गत गुरुवार से कक्षा 3, 4 व 6 एवं 7 वी की वार्षिक परीक्षा शुरू हो गईं हैं। बताया जाता है कि यह परीक्षा 12 मार्च तक चलेगी। उसके उपरांत अमूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के बाद रिजल्ट घोषित हो जायेंगे। विदित हो कि ये परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 4:30 बजे तक की पाली मे आयोजित हो रही हैं। पहले दिन बच्चों ने हिंदी विषय का प्रश्न पत्र हल किया।

**खबर संक्षेप**

## जिला न्यायालय में आयोजित होगा नेशनल लोक अदालत एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम

**डिंडौरी।** जिला न्यायालय में होगा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान नेशनल लोक अदालत एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से आयोजित होगा। उक्त कार्यक्रम कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पुलिस अधीक्षक के मुख्यातिथ्य में आयोजन किया जाएगा।

## महिला दिवस पर आज जिले भर में आयोजित किये जायेंगे विविध कार्यक्रम

**अनूपपुर।** प्रतिवर्ष 8 मार्च को विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्रेम प्रकट करते हुए, महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों एवं कठिनाइयों की सापेक्षता के उपलक्ष्य में उत्सव के तौर पर मनाया जाता है। इसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा चयनित राजनीतिक और मानव अधिकार विषयवस्तु के साथ महिलाओं के राजनीतिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए मनाया जाता हैं। कुछ लोग बैंगनी रंग के रिबन पहनकर इस दिन का जश्न मनाते हैं। सबसे पहला दिवस, न्यूयॉर्क नगर में 1909 में एक समाजवादी राजनीतिक कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया गया था। 1917 में सोवियत संघ ने इस दिन को एक राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया, और यह आसपास के अन्य देशों में फैल गया। इसे अब कई पूर्वी देशों में भी मनाया जाता है।

## यह है महिला दिवस का इतिहास

अमेरिका में सोशलिस्ट पार्टी के आह्वान पर, यह दिवस सबसे पहले 28 फ़रवरी 1909 को मनाया गया। इसके बाद यह फरवरी के आखिरी इतवार के दिन मनाया जाने लगा। 1910 में सोशलिस्ट इंटरनेशनल के कोपेनहेगन सम्मेलन में इसे अन्तर्राष्ट्रीय दर्जा दिया गया। उस समय इसका प्रमुख ध्येय महिलाओं को वोट देने का अधिकार दिलवाना था, क्योंकि उस समय अधिकतर देशों में महिला को वोट देने का अधिकार नहीं था। 1917 में रूस की महिलाओं ने, महिला दिवस पर रोटी और कपड़े के लिये हड़ताल पर जाने का फैसला किया। यह हड़ताल भी ऐतिहासिक थी। ज़ार ने सत्ता छोड़ी, अन्तरिम सरकार ने महिलाओं को वोट देने का अधिकार दिया। उस समय रूस में जुलियन कैलेंडर चलता था और बाकी दुनिया में ग्रेगेरियन कैलेंडर। इन दोनों की तारीखों में कुछ अन्तर है। जुलियन कैलेंडर के मुताबिक 1997 की फरवरी का आखिरी इतवार 2 फ़रवरी को था जब की ग्रेगेरियन कैलैंडर के अनुसार उस दिन 8 मार्च थी। इस समय पूरी दुनिया में (यहां तक रूस में भी) ग्रेगेरियन कैलैंडर चलता है। इसी लिये 8 मार्च महिला दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। प्रसिद्ध जर्मन एक्टिविस्ट क्लारा ज़ेटकिन के जोरदार प्रयासों के बदौलत इंटरनेशनल सोशलिस्ट कांग्रेस ने साल 1910 में महिला दिवस के अंतर्राष्ट्रीय स्वरूप और इस दिन पब्लिक हॉलीडे को सहमति दी। इसके फलस्वरूप 19 मार्च, 1911 को पहला IWD ऑस्ट्रिया, डेनमार्क और जर्मनी में आयोजित किया गया। हालांकि महिला दिवस की तारीख को साल 1921 में बदलकर 8 मार्च कर दिया गया। तब से महिला दिवस पूरी दुनिया में 8 मार्च को ही मनाया जाता है। महिला दिवस के अवसर पर जिले भर मे कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

# सभी पर्व शांति व सद्भाव के साथ मनाएं

डिंडौरी



आगामी होली, रंगपंचमी, रमजान माह एवं ईद का त्यौहार परम्परागत, सौहाद्रपूर्ण एवं शांतिपूर्ण मनाने के संबंध में शुक्रवार को कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में डिंडौरी विधायक ओमकार मरकाम, भाजपा जिलाध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता सारस, जनपद पंचायत डिंडौरी अध्यक्ष आशा सिंह, सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह राजपूत, राजेंद्र पाठक, कैलाश चंद्र जैन, अशोक अवधिया, दुलीचंद उरैती, डॉ. इकबाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि और पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह, अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगनाथ मरकाम सहित अन्य संबंधित अधिकारी और शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे। कलेक्टर ने बैठक में शांति समिति के सदस्यों से चर्चा करते हुए कहा कि आगामी 14 मार्च को धुरेड़ी का त्यौहार मनाया जायेगा। जिसके बाद रंगपंचमी और ईद के पर्व मनायें जायेंगे। जिले में सभी त्यौहारों का आयोजन हर्षोल्लास के साथ सभी लोगों की सहभागिता से अपनी परम्परानुसार मनाये जायेंगे। बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने आगामी त्यौहारों के संबंध में अपने अपने सुझाव प्रस्तुत किये। सर्वसहमति से होली और रंगपंचमी पर्व पर केमिकलरहित रंगों के उपयोग को प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया गया। कलेक्टर ने रंगों की गुणवत्ता की जाँच के लिए संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों को स्टॉक का निरीक्षण के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे रंगों का प्रयोग ना हो, जिससे नुकसान हो। जगह-जगह पर स्टॉपर लगाए जायें, यातायात नियमों का पालन करें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीम, फायर ब्रिगेड, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, जलापूर्ति सहित अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराने के लिए संबंधित विभागों को सजग रहने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने त्यौहारों के मद्देनजर मिष्ठान भण्डारों में खाद्य गुणवत्ता की सघन जाँच करने के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित किया। उन्होंने होली मिलन समारोह की तैयारियों के संबंध में समिति सदस्यों को जानकारी देते हुए कहा कि सभी त्यौहार हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाये जायेंगे। त्यौहारों के दौरान पुलिस व्यवस्था, यातायात व्यवस्था के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं।

रमजान माह के बाद ईद पर्व मनाया जाएगा, ईद पर्व पर ईदगाह में नमाज आयोजित की जाएगी। रमजान माह और ईद पर्व के संबंध में कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आयोजन के लिए आवश्यक निर्देश दिए। शांति समिति के सभी सदस्यों ने सर्व सहमति से सभी पर्व उत्साहपूर्ण और हर्षोल्लास के साथ मनाने की बात कही।

# सफलता की कहानी: लोगों के लिए बनी प्रेरणा प्रेमवती दीदी



**डिंडौरी।** स्व-सहायता समूह में जुड़कर काम करने से टिकराटोला ग्राम करंजिया निवासी प्रेमवती तेकाम की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है, इनका परिवार अब खुशहाली से जीवन यापन कर रहा है। प्रेमवती दीदी ने बताया कि स्व-सहायता समूह में जुड़ने से पहले उन्हें घर चलाने में काफी समस्या आती थी, आर्थिक तंगी के चलते आए दिन दैनिक जरूरतों के लिए परेशान होना पड़ता था। उन्होंने बताया कि परिवार का भरण पोषण करने के लिए पति-पत्नि दोनों मजदूरी करते थे। प्रेमवती दीदी ने बताया कि ग्राम पंचायत के माध्यम से उन्हें आजीविका अंतर्गत संचालित स्व-सहायता समूह के बारे में जानकारी मिली। जिसमें उन्होंने गांव की दीदीयों के साथ मिलकर दीप आजीविका स्व-सहायता समूह का गठन किया और वह स्वयं समूह की सचिव हैं। प्रेमवती दीदी ने बताया कि समूह में जुड़ने के एक साल बाद 30 हजार का बैंक ऋण मिला और सीसीएल से 25000 रूपए का ऋण मिला। जिससे उन्होंने मशरूम उत्पादन, मशाला चक्की, आटा-धान चक्की, और सब्जी की खेती का काम बारी-बारी से शुरूआत किया। ऋण मिलने से प्रेमवती दीदी को बहुत मदद मिली। अब प्रेमवती दीदी अपने परिवार के साथ मशरूम उत्पादन, मशाला चक्की, आटा-धान चक्की, और सब्जी की खेती का काम अब बेहतर ढंग से कर रही हैं। उन्होंने बताया कि इन स्व-सहायता समूह में जुडकर इन कामों से महीनें में लगभग 15 से 20 हजार रूपए की आमदानी हो जाती है, जिससे उनके परिवार का बढिया से भरण पोषण हो रहा है। प्रेमवती दीदी ने आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए आजीविका मिशन और जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर आयोजित

**शहपुरा** - शासकीय महाविद्यालय शहपुरा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन दिनांक 4 .3.2025 से 10 .3.2025 तक ग्राम पंचायत भिमपार में किया गया शिविर का उद्देश्य स्वच्छता जागरूकता पर्यावरण संरक्षण नशा मुक्ति बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ मतदाता जागरूकता एड्स जागरूकता बाल संरक्षण एवं सामाजिक सद्भावना और देश सेवा जागरूकता अभियान शिविर में छात्रों के द्वारा किया जाएगा इस शिविर के शुभारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ .भगवत झरिया कार्यक्रम के शुभारंभ में उपस्थित रहे।





# कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक सम्पन्न

डिंडौरी



कलेक्टर मारव्या की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक आयोजित की गई,उक्त बैठक में डिंडौरी विधायक ओमकार मरकाम, भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र राजपूत, कैलाश जैन, अशोक अवधिया, जय सिंह मरावी सहित अन्य समिति सदस्य और पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगनाथ मरकाम, डीएसपी आजक मेहंती मेरावी, सहायक आयुक्त जनजाति कार्यविभाग संतोष शुक्ला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने आयोजित बैठक में राहत राशि उलब्धता, पीड़ित व्यक्ति तथा साक्ष्यों को यात्रा भत्ता, भरण पोषण व्यय, भुगतान, चिकित्सा सहायता, पुनर्वास मासिक निर्वाह भत्ता, शिक्षा सहायता, रोजगार ध्स्वरोजगार, सामाजिक पुनर्वास, प्रचार-प्रसार एवं जनजागरण, परिलक्षित क्षेत्र में विकास कार्य, अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकृत मामलों की स्थिति एवं न्यायालय में प्रस्तुत किये गए चालान के बाद लोक अभियोजकों के कार्य की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। समिति सदस्यों ने संबंधित मुद्दों पर अपने सुझाव प्रस्तुत किये। कलेक्टर मारव्या ने जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया।

# गौमाता को पशु कहकर उद्बोधित करना मातृ आस्था का अपमान

## गाय को राष्ट्रमाता घोषित करना देश की आध्यात्मिकता का सम्मान



**अमरकंटक।** परमधर्म सांसद श्रीधर शर्मा ने मीडिया से मुखातिब होते हुए जानकारी दी कि ज्योतिष पीठाधीश्वर अनंत विभूषित स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने मुहिम छेड़ी थी कि गाय को राष्ट्रमाता घोषित किया जाना चाहिए और इसके लिए उन्होंने इस दिशा में राष्ट्रीय स्तर पर अपने कदम बढ़ाते हुए निरंतर प्रयास करते रहे हैं और इस परिपेक्ष्य में सरकार को अंतिम अवसर स्वामी ने प्रदान किया था कि 17 मार्च तक देश में गाय को राष्ट्रमाता घोषित कर हम सनातनी हिंदुओं की आध्यात्मिकता का सम्मान करें। परम धर्म सांसद श्रीधर शर्मा ने बताया कि सनातन धर्म में वेद, उपनिषद, पुराणों सहित समस्त धर्म शास्त्रों में गाय की महिमा का जिस प्रकार से वर्णन किया गया है, वो हमारे हिंदुत्व और सनातनी हिंदुओं के लिए आस्था के अध्याय को वर्णित करने वाला है और सनातन धर्म में गाय को विशेष महत्व दिया गया है। सनातन धर्म में गाय को पशु नहीं, अपितु माता की प्रतिष्ठा दी गई है, यही सनातन धर्मी हिंदुओ की पवित्र भावना है, आस्था है। इसी धार्मिक आस्था हेतु संविधान एवं कानून में गाय को राज्य सूची से हटाकर केंद्रीय सूची में डालकर गौमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान दिलाने तथा गौहत्या मुक्त भारत बनाने के लिए संपूर्ण भारत में गौ प्रतिष्ठा आंदोलन लंबे समय से चलाया जा रहा है। स्वतंत्रता प्राप्ति से ही निरन्तर गौमाता की प्रतिष्ठा एवं रक्षा के प्रयास होते रहे हैं, जिसमें 1966 के धर्म सम्राट यतिचक्रचूडामणि पूज्य करपात्री जी महाराज के नेतृत्व में हुआ प्रचलित गौरक्षा आंदोलन है, जिसके लिए हजारों गौभक्तों का बलिदान हुआ था। इसी क्रम में गौमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान दिलाकर गोहत्या मुक्त भारत बनाने हेतु परम गोभक्त पूज्य गोपालमणि ने गौ प्रतिष्ठा आंदोलन का नेतृत्व कर देशभर में इसे जीवन्त रखा तथा इस पवित्र अभियान में चारो पीठों के जगद्गुरु शंकराचार्यों का आशीर्वाद प्राप्त किया। चारो पीठों के पूज्य जगद्गुरू शंकराचार्यों द्वारा अभिसिंचित एवं समर्थित गौमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान दिलाने एवं गौहत्या बंदी कानून हेतु देश में गौ संसद का आयोजन हुआ, जिसमें रामा गौ प्रतिष्ठा संहिता बिल सहित 42 बिंदु का धर्मादेश भी पारित किया जा चुका है। गौ प्रतिष्ठा के इस अभियान को प्रज्वलित करने हेतु गौ घृत की ज्योति को प्रकाशित कर ज्योर्तिमठ के परम पूज्य जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने इस आंदोलन का निर्देशन कर रहे हैं, जिन्होंने 14 मार्च से लेकर 28 मार्च 2024 तक नंगे पैर पदयात्रा गोवर्धन से दिल्ली तक भी की थी। पूज्य जगद्गुरू ज्योतिष्पीठाधीश्वर शंकराचार्य के निर्देशन में गौ प्रतिष्ठा का अभियान निरन्तर देशभर में गतिमान है, जिन्होंने इस संवत्सर को गौ संवत्सर के रूप में घोषित भी किया है। पूज्य ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरू शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के निर्देशन एवं नेतृत्व में संपूर्ण भारत में गौ प्रतिष्ठा आंदोलन के अंतर्गत गो ध्वज स्थापना भारत यात्रा दिनांक 22 सितंबर से 26 अक्टूबर 2024 तक की गई थी, जो भारत के समस्त प्रदेशों की राजधानियों तक की जाकर देश भर में गौभक्ति की अलख जगाई तथा वहां एक गो ध्वज की स्थापना भी की गई। गो प्रतिष्ठा आंदोलन के संयोजक पूज्य गोपाल मणि महाराज भी पूरे समर्पण और शक्ति के साथ यात्रा की सफलता हेतु प्राण-प्रण से शंकराचार्य के साथ हर कदम में साथ रहे। इस गो ध्वज स्थापना भारत यात्रा का लक्ष्य संपूर्ण भारत में गो प्रतिष्ठा आंदोलन हेतु समस्त राष्ट्र के गोभक्त हिन्दुओं को जागृत कर एक सूत्र में पिरोने का है तथा गोमाता की दुर्गति, गो हत्या के कलंक को मिटाकर कर, पशु के अपमान से हटा कर राष्ट्रमाता का सम्मान दिलाना है। परम धर्म सांसद श्रीधर शर्मा ने बताया कि स्वामी जी की अगुवाई में इस राष्ट्रव्यापी मुहिम में करोड़ों सनातनियों की आस्था जुड़ी हुई है और समूचे भारत वर्ष में बड़े पैमाने पर सनातन धर्म और संस्कृति के मानने वाले लोग स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के साथ इस राष्ट्र व्यापी मुहिम में तन मन और धन से समर्पित होकर समर्थन दे रहे हैं। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने अपनी गुरू परम्परा को आगे बढ़ाते हुए अपने गुरू के पद चिन्हों में चलने का जो बीड़ा उठाया है, वह सराहनीय है और सनातनियों की आस्था के लिए स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का यह प्रयास निश्चित रूप से समूचे भारत वर्ष में गौ माता की रक्षा के निमित्त एक बड़ा प्रयास साबित होगा और गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने के लिए स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का यह प्रयास मील का पत्थर साबित होगा।

# पांच माह पूर्व मारपीट से आई चोट पर उपचार दौरान वृद्ध की मौत



**अनूपपुर।** पांच माह पूर्व मारपीट से आई चोट पर निरंतर उपचार कराए जाने पर शुक्रवार की सुबह 66 वर्षीय बृद्ध की जिला अस्पताल अनूपपुर में मौत हो गई जिस पर परिजनों ने मारपीट के कारण मृत्यु होने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्यवाही की मांग की है। अस्पताल पुलिस द्वारा कार्रवाई की। घटना के संबंध में बताया गया कि 7 अक्टूबर अनूपपुर तहसील के सामने बद्री प्रसाद राठौर पिता स्व,रामाधीन राठौर एवं पुत्र भगवान दास राठौर 34 वर्ष निवासी भगतबांध के साथ भगवान दास राठौर की पत्नी सरोज राठौर के साथ पूर्व से चल रहे विवाद पर अनूपपुर न्यायालय में खाना खर्चा का प्रकरण विचाराधीन है जिस पर सामतपुर में समाज के लोगों द्वारा सामाजिक बैठक कराई गई। बैठक में अन्य लोगों के समझाये जाने पर दोनों पक्ष तहसील में जाकर शपथ पत्र बनवाने को पहुंचे इसी बीच भगवान दास की पत्नी सरोज राठौर उसका भाई रुद्रप्रताप राठौर, ससुर भीखम राठौर ने गाली-गलौज करते हुए भगवान दास एवं बदी प्रसाद राठौर के साथ मारपीट की जिससे भगवान दास के शरीर में चोट आई वही बद्री प्रसाद राठौर के सिर तथा शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आने पर कोतवाली अनूपपुर पुलिस के द्वारा अपराध क्रमांक 445/24 दर्ज करते हुए कार्यवाही की रही सिर में गंभीर चोट होने के कारण बद्री प्रसाद राठौर को जिला चिकित्सालय अनूपपुर, प्राइवेट चिकित्सालय शहडोल एवं रायपुर में उपचार कराए जाने के साथ तथा बीच-बीच में तबीयत खराब होने पर जिला चिकित्सालय अनूपपुर में भर्ती कराते हुए उपचार कराया कुछ दिनों में कुछ ठीक हो जाने पर घर ले जाते रहे गुरुवार 6 मार्च को फिर से तबीयत खराब होने पर बद्री प्रसाद राठौर को जिला चिकित्सालय अनूपपुर में भर्ती कराया गया जिस पर उपचार दौरान शुक्रवार 7 मार्च की सुबह उपचार दौरान मृत्यु हो गई। मृतक के पुत्र भगवान दास राठौर एवं परिजनों द्वारा पूर्व में पत्नी सरोज राठौर,साला रूद्र प्रसाद राठौर एवं ससुर भीखम राठौर तीनों निवासी सामतपुर/अनूपपुर पर पिता बद्री प्रसाद राठौर के साथ मारपीट करने के कारण आई चोट से उपचार दौरान मृत्यु होने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्यवाही किए जाने की मांग की है। मृतक वृद्ध की मृत्यु पर ड्यूटी डॉक्टर की सूचना पर जिला अस्पताल पुलिस द्वारा परिजनों एवं अन्य की उपस्थिति में मृतक के शव का पंचनामा कर डियूटी डॉक्टर से मृतक

## चना, मसूर एवं सरसों उपार्जन के लिए कृषकों का पंजीयन 10 मार्च तक

**अनूपपुर।** रबी विपणन वर्ष 2025-26 में चना, मसूर एवं सरसों फसल के समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए गत 20 फरवरी से किसान पंजीयन प्रारंभ हैं। आगामी 10 मार्च तक जिले में बनाए गए 8 पंजीयन केन्द्रों पर कृषक अपना पंजीयन करवा सकते हैं। कलेक्टर शहर्षल पंचोली ने तहसील पुष्पराजगढ़ अंतर्गत आ.जा. सेवा सह. समिति मर्यादित राजेन्द्रग्राम, आ.जा. सेवा सह. समिति मर्यादित बेनीबारी को, तहसील अनूपपुर अंतर्गत आ.जा. सेवा सह. समिति मर्यादित दुलहरा, आ.जा. सेवा सह. समिति मर्यादित अनूपपुर, आ.जा. सेवा सह. समिति मर्यादित पसान, आ.जा. सेवा सह. समिति मर्यादित मझगवां (फुनगा) को, तहसील जैतहरी अंतर्गत आ.जा. सेवा सह. समिति मर्यादित जैतहरी तथा तहसील कोतमा अंतर्गत आ.जा. सेवा सह. समिति मर्यादित बिजुरी को पंजीयन केन्द्र बनाया है। उन्होंने जिले के समस्त कृषकों से निर्धारित समयावधि में फसल विक्रय के लिए पंजीयन कराने तथा शासन की योजना का लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध का शव मिलने से सनसनी

## परिजनों द्वारा जमीनी विवाद पर दूसरे पक्ष पर लगाया मारने का आरोप



**कोतमा।** थाना अंतर्गत मुडधोवा गांव में रहने वाले 75 वर्षीय सम्पत महरा का शव शुक्रवार की सुबह खेत के पास बने घर में संदिग्ध परिस्थितियों में पाये जाने से सनसनी फैल गई। परिजनों द्वारा जमीनी विवाद पर यादव परिवार के कई लोगों पर हत्या की आशंका जताते हुए आक्रोशित नजर आए। दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से जमीनी विवाद भी चल रहा है। परिजनों द्वारा गांव के ही दूसरे पक्ष से जमीनी विवाद होने के कारण मार डालने का आरोप लगाया जा रहा है। सूचना पर एसडीओपी कोतमा आरती शाक्य सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंचते हुए घटनास्थल का बारीकी से मुआयना करते हुए शव पीएम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा भिजवाया गया। आधा दर्जन से ज्यादा संदेहियों से पूंछताछ की जा रही है। घटना के बारे में बताया जाता है कि मृतक का पुत्र कोदे महरा 47 वर्ष द्वारा लेदरा रोड के समीप अपने खेत में निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसका गांव के ही रामभजन यादव से जमीनी विवाद चल रहा है जिसके द्वारा स्टे भी लगवाया गया है। मामले को लेकर पूर्व में दोनों पक्षों द्वारा थाना में शिकायत भी कर चुके है। तहसील न्यायालय से स्टे होने को बाद निर्माण कार्य कराए जाने पर शुक्रवार को विवाद हुआ। सूचना पर पहुंची 100 डायल की टीम दोनों पक्षों को समझाते हुए वापस आ गई। विवाद के कुछ देर बाद कोदे महरा के द्वारा दूसरे पक्ष के खिलाफ थाना पहुंचकर अपने पिता की गला दबाकर हत्या कर देने का आरोप लगाया जाने लगा साथ ही गले से सोने की लॉकेट भी गायब बताई जा रही है। पुलिस के द्वारा मर्ग कायम कर सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।

# छात्राओं से अश्लील हरकत मामले में प्राचार्य एचएल बहेलिया निलंबित

**अनूपपुर।** जिला मुख्यालय की शासकीय उच्च विद्यालय अनूपपुर के प्राचार्य एच एल बहेलिया के विरुद्ध अपराध दर्ज के 20 दिनों के बाद जनजाति कार्य विभाग द्वारा भेजे गए निलंबन प्रस्ताव पर कमिश्नर शहडोल ने निलंबित कर दिया है, सूत्र के अनुसार अनूपपुर जनजाति कार्य विभाग मे मठाधीश के रूप में बैठे श्री वाजपेई ने प्राचार्य एच एल बहेलिया के निलंबन प्रस्ताव को कई दिनों तक दबा कर रखे हुए थे, कई तरह के हस्तक्षेप के बाद निलंबन के प्रस्ताव को कलेक्टर अनूपपुर के माध्यम से कमिश्नर शहडोल को भेजा गया। ज्ञात हो कि यह निलंबन प्राचार्य द्वारा छात्रों से छेड़छाड़ के मामले मे दर्ज हुई अपराध को लेकर किया गया है, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर की छात्राओं ने बड़ी हिम्मत दिखाते हुए प्राचार्य बहेलिया पर छेड़छाड़ का अपराध दर्ज करवाया था। सूत्रों के अनुसार विगत कई दिनों से प्राचार्य बी एल बहेलिया द्वारा छात्राओं से की जा रही अश्लील हरकतें जिस पर छात्राएं लोक लज्जा के कारण इसकी शिकायत थाने में नहीं करती थी। आखिरकार छात्राओं ने एकजुट होकर हिम्मत दिखाते हुए 25 जनवरी को प्राचार्य के विरुद्ध कोतवाली थाने अनूपपुर मे अपराध दर्ज करवाया था।

### बैड टच की शिकायत

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्राचार्य एच एल बहेलिया रविवार विद्यालय के अवकाश के दिन छात्राओं को अतिरिक्त कक्षाओं के नाम पर स्कूल बुलाते थे और उनसे बैड टच जैसे घिनौनी हरकतें करते थे, इन्हें इनकी हरकतों पर पहले भी चेतावनी दी गई थी, शिकायत न होने की वजह से इनके हौसले बढ़ते गए और फिर यह अपनी हदें पार करते चले गए।

### कोतवाली पुलिस ने किया था गिरफ्तार

कोतवाली पुलिस अनूपपुर ने छात्राओं व उनके परिजनों की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 37/25 धारा 74 बीएनएस, 7, 8, 9 (ग) (च), 10 पास्को एक्ट, अपराध क्रमांक 38/25 धारा 74 बीएनएस, 7, 8, 9(ग) (च), 10 पास्को एक्ट एवं अपराध क्रमांक 39/25 धारा 74 बीएनएस 7, 8, 9 (ग) (च), 10 पास्को एक्ट पंजीबद्ध कर 25-01-2025 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अनूपपुर के आदेशानुसार 26-01-2025 को जिला जेल अनूपपुर में निरूद्ध किया गया था।

## खबर संक्षेप

### पेयजल संकट निवारण हेतु कंट्रोल रूम स्थापित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** ग्रीमष्काल में संभावित पेयजल संकट को दृष्टिगत रखते हुए जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित हैंडपंपों के खराब होने व जल स्तर में गिरावट के कारण पेयजल संकट निवारण की सतत निगरानी के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग नरसिंहपुर में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 0779- 230210 है। नियंत्रण के प्रभारी आशीष नेमा को बनाया गया है।

### पुरुष नसबंदी शिविर का आयोजन आज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में माह मार्च 2025 में महिला एवं पुरुष नसबंदी-एनएसव्हीटी/ एनटीटी फिक्स डे स्टेटिक सेवा स्थल चिन्हांकित किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि 8 मार्च को विकासखण्ड नरसिंहपुर के अंतर्गत शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नरसिंहपुर के लिए जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर और विकासखंड चावरपाठा के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रौंसरा में महिला एवं पुरुष नसबंदी-एनएसव्हीटी एनटीटी फिक्स डे स्टेटिक सेवा स्थल चिन्हांकित किया गया है। डॉ. इति चांदोलकर एवं सहायक सर्जन डॉ. शिप्रा कौरव द्वारा फिक्स डे स्टेटिक सेवा स्थल में नसबंदी ऑपरेशन में अपनी सेवाएं देंगे।

### पंख खेल उपलब्धि पुरस्कार से सम्मानित होंगे साहिल



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** नगर के शासकीय नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे अध्ययनरत छात्र साहिल सोनी अपनी खेल उपलब्धियों पर भोपाल में बंसल न्यूज ग्रुप एवं रविंद्र नाथ टैगोर यूनिवर्सिटी द्वारा भोपाल के जहांनुमा पैलेस होटल में आयोजित कार्यक्रम में आज 8 मार्च को मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं मान खेल मंत्री विश्वास सारंग की उपस्थिति में सम्मानित किया जावेगा तथा 50 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

### जीतू पटवारी का फूंका पुतला, सौंपा ज्ञापन

# लोधी समाज के अपमान को लेकर की निंदा





### प्रदेश व्यापी आंदोलन की चेतावनी

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शुक्रवार को लोधी क्षत्रिय समाज एवं भाजपा जनों द्वारा स्थानीय जनपद मैदान के पास बने कांप्लेक्स परिसर मे प्रदर्शन कर तीखी निंदा करते हुए नारेबाजी करते हुए सुभाष पार्क मे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का पुतला दहन किया गया। उसके उपरांत राज्यपाल के नाम एसडीएम मणिन्द्र कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा अमर शहीद वीरांगना रानी अवंतीबाई एवं लोधी लोधा लोध समाज के कथित अपमान को लेकर कड़ी नाराजगी जताई गई।



### आपत्तिजनक की गई टिप्पणी

ज्ञापन में बताया गया कि वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी जी, जिन्होंने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में वीरगति प्राप्त की थी, उनके सम्मान में 1 मार्च 2025 को ग्राम सुठालिया, जिला राजगढ़ (म.प्र.) में समाज द्वारा प्रतिमा स्थापित की गई थी। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, क्षेत्रीय विधायक, जनप्रतिनिधि, व्यापारी एवं समाज के हजारों लोग उपस्थित रहे। समाज के अनुसार, यह कार्यक्रम पूरी तरह से सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, लेकिन कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इस आयोजन पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर समाज की भावनाओं को आहत किया। उक्त मौके पर धरना सभा में अनेक वक्ताओं ने कहा कि प्रहलाद पटेल ने हमेशा आदर्श सिद्धांत की राजनीति की है। वो विकास को सर्वोपरि मानते है किन्तु अफसोस का विषय है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने रानी अवंती बाई के कार्यक्रम में प्रहलाद पटेल के बयान को तोड़ मड़ोकर पेश कर लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। साथ ही श्री पटवारी ने रानी अवंती बाई का अपमान किया है। श्री पटवारी को माफी मांगना चाहिए।



### ये रही मांगें

लोधी समाज के जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा द्वारा संगठन के साथ सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई कि जीतू पटवारी ने जानबूझकर समाज को अपमानित करने एवं भ्रम फैलाने का प्रयास किया है। उन्होंने मांग की है कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी जी एवं समाज का अपमान करने के आरोप में एफआईआर दर्ज की जाए। समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए जीतू पटवारी सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। समाज में अशांति फैलाने की साजिश के तहत उन पर कानूनी कार्रवाई की जाए।

### तीन दिन का दिया अल्टीमेटम

ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि तीन दिनों में उचित कार्रवाई नहीं हुई, तो लोधी लोधा लोध समाज प्रदेशव्यापी आंदोलन एवं सत्याग्रह करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन एवं कांग्रेस पार्टी की होगी। इस मौके पर पूर्व विधायक जालम सिंह पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक, मंडल अध्यक्ष गोटेगांव श्रद्धा सोनी, मंडल अध्यक्ष नरसिंहपुर अंशुल नेमा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महंत पीतमपुरी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह लोधी, बजरंग दल के पूर्व क्षेत्रीय संयोजक उदय प्रताप सिंह कौरव सहित लगभग 300 लोग उपस्थित रहे। गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश एवं तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल भी इस दौरान मौजूद रहे।

## विक्रमोत्सव उज्जैन में सुमित दुबे ने दी प्रस्तुति



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश शासन उज्जैन द्वारा आयोजित एक माह तक चलने वाले विक्रमोत्सव 2025 के सांस्कृतिक आयोजन आदि अनादि पर्व कार्यक्रम में जिले के बुन्देली लोक कलाकार सुमित दुबे ने अपने साथी कलाकार नरेंद्र रावल, अंकित दुबे, प्रतीक दुबे, दशरथ मेहरा के साथ महाकाल मंदिर परिसर (महाकाल लोक कॉरिडोर) में अपने शिव केंद्रित सुमधुर पारंपरिक बुन्देली भजनों की प्रस्तुति से उपस्थित कलाप्रेमियों को थिरकने और नाचने झूमने पर मजबूर कर माहौल प्रफुल्लित बना दिया। ज्ञात हो कि एक माह तक चलने वाले विक्रमोत्सव में प्रतिदिन देश विदेश के अंतरराष्ट्रीय कलाकारों की प्रस्तुति आयोजित होती है। प्रदेश व देश के विभिन्न मंचों पर अपने बुन्देली गीतों की प्रस्तुति देने वाले अनेक महत्वपूर्ण सम्मान प्राप्त लोक कलाकार पं. सुमित दुबे की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए इष्ट मित्रों व शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

## राकेश उमरे केश शिल्पी मंडल के प्रतिनिधि नियुक्त



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस नंदकिशोर वर्मा अध्यक्ष मध्य प्रदेश राज्य केश शिल्पी मंडल भोपाल द्वारा नगर निवासी राकेश कुमार उमरे नरसिंहपुर नगर का प्रतिनिधि नियुक्त किया गया। नगर पालिका क्षेत्र में केश शिल्पी बंधुओं की समस्याओं का निराकरण एवं सहायता हेतु कार्य करेंगे। उनकी नियुक्ति पर उनके शुभचिंतकों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई।





# हर क्षेत्र मे सफलता की उड़ान भर रही महिलाएं

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** वर्तमान युग में पुरूषों की भांति प्रत्येक क्षेत्र में महिलाएं सफलता की उड़ान भर रही। समाज के प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं को पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलकार कार्य करते देखा जा रहा है। वर्तमान युग उन्नति व नव निर्माण का युग है। महिलाएं स्वावलंबन एवं आत्मनिर्भरता से परिपूर्ण होती जा रही है। हालांकि इसे लेकर सरकार द्वारा भरसक प्रयास किये गये है जिसे आज हम सुखद परिणाम देख पा रहे है। वर्तमान मे देश के सर्वोच्च से लेकर निम्न पदों मे भी महिलाएं बखूबी कार्य कर रही है। ऐसी ही नगर की कुछ महिलाएं है जो देश व प्रदेश में जिले का नाम रोशन कर रही है।

### आज के दौर में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनना जरूरी

### सुश्री इंदु सिंह ने योग में बनाए रिकार्ड

नगर निवासी सुश्री इंदु सिंह एक समाजसेवी, स्वतंत्र लेखिका होने के साथ-साथ काया योग एंड जुंबा फिटनेस सेंटर की संस्थापिका भी हैं। जिन्होंने इस साल इंटरनेशनल योग मास्टर की उपलब्धि हासिल करने के साथ ही योग में नए वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाए हैं। वे महिलाओं को स्वस्थ व निरोगी बनाने सतत प्रयासरत जिसके लिए उनके द्वारा अनेक स्वास्थ्य कार्यक्रम व योग शिविर आयोजित किये जाते हैं। उन्हें योग व लेखन के क्षेत्र में अनेक नेशनल व इंटरनेशनल सम्मान प्राप्त हो चुके हैं और वे कम्प्यूटर शिक्षिका के रूप में भी विगत 25 साल से अपनी सेवाएं दे रही हैं। महिलाओं को आज के दौर में आत्मनिर्भर बनने विविध माध्यमों से प्रेरित करती रहती हैं।

### श्रीमती सविता का समाज के विकास में सक्रिय योगदान

हर क्षेत्र में छात्राएं-युवतियां और महिलाएं तेजी से आगे बढ़ रहीं हैं। परिवार और जिला, प्रदेश व देश का गौरव बढ़ा रही हैं। इतना अवश्य है कि कई बार कुरीतियां उनकी प्रगति में बाधक बन जाती हैं परंतु बदलते वक्त के साथ कुरीतियों पर सुधार हो रहा है। महिला दिवस पर वीरांगना क्लब की अध्यक्ष श्रीमती सविता महोबिया ने कहा कि हर युग में नारी शक्ति का विशेष महत्व रहा है। महिलाओं ने आजादी की लड़ाई से लेकर देश के विकास में सक्रिय योगदान दिया है और आज हमारी बेटियां शिक्षा के क्षेत्र में बहुत तेजी से आगे बढ़ रहीं हैं। जहां वे अपने कार्य क्षेत्र में सफल हो रही हैं वहीं घर परिवार को लेकर भी चलने में उन्हें कामयाबी मिल रही है। हम महिलाएं समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने में सफल होंगे।

### निरंतर प्रयास से ही मिलती है सफलता- श्रीमती ढिमोले

जिला मुख्यालय के स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की ई-लाइब्रेरी को प्रदेश के 11 विश्वविद्यालयों के 528 महाविद्यालयों में चतुर्थ स्थान एवं प्रदेश में पहली आईएसओ सर्टिफिकेट प्राप्त ई- लाइब्रेरी बनवाने की गौरवपूर्ण उपलब्धि दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली लाइब्रेरी सहायक व कम्प्यूटर ऑपरेटर श्रीमती नीता जयप्रकाश ढिमोले आधुनिक तकनीकी कौशल की कार्यक्षमता, परिवार व बच्चों की जिम्मेदारी के साथ विपरीत परिस्थितियों में लक्ष्य प्राप्ति तक परिणामदायक संघर्ष की पक्षधर हैं। महिला सशक्तिकरण के इस परिवर्तनकारी दौर में अपने हुनर व ईमानदारी पूर्वक मेहनत और निरंतर प्रयास को अपने संघर्ष का विजयी मूल मंत्र मानती हैं। धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक सभी प्रकार के कार्यों में आपकी सक्रिय सहभागिता बनी रहती है।

# अस्पताल में चिकित्सकों का टोटा



### सुविधाओं का अभाव

**तेंदूखेड़ा।** इन दिनों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा भगवान भरोसे चल रही है। पूर्व से ही जहां डाक्टरों की कमी चल रही थी वहीं तीन डाक्टर और चले जाने से अब मात्र दो डाक्टरों के भरोसे ही अस्पताल चल रही है।इनमे एक डाक्टर का असमय निधन हो जाने तथा एक डाक्टर का प्रोमोशन हो जाने के चलते भोपाल चले जाने तथा एक का बान्ड पूर्ण हो जाने की स्थिति मे उक्त तीन डाक्टरों की कमी अस्पताल मे बनीं हुई है।मौसम की प्रतिकूलता के सर्दी-जुकाम के साथ विभिन्न प्रकार की बीमारियों के चलते जहां प्रतिदिन अस्पताल मे मरीजों की भीड़ देखी जा रही है। वहीं डाक्टरों की कमी के चलते गंभीर स्थिति बनी हुई है। पूर्व से स्वीकृत 23 पदों में 09 पद रिक्त पड़े हुए हैं। इनमें जहां चिकित्सा विशेषज्ञ शल्य चिकित्सा विशेषज्ञ तथा स्त्री रोग विशेषज्ञ की एक एक की जरूरत है लेकिन पद खाली पड़े हुए हैं।साथ ही ओप्थेलमिक अस्सिटेंड लेखापाल लेव सहायक ड्रेसर ओटी सहायक एक एक की जरूरत है वह भी खाली पड़ा हुआ है।वाडवाय जहां दो चाहिए वहां मात्र एक ही है। वाहन चालक है ही नहीं। अस्पताल में चिकित्सा अधिकारी पांच है जो एक बंध पत्र चिकित्सक दो संविदा और दो रेग्युलर एक आयुष चिकित्सक 08 स्टाप नर्स एक लैव टेक्नीशियन एक रेडियो ग्राफर एक फार्मासिस्ट तैनात हैं।शेष पद रिक्त पड़े हुए हैं। स्टाप की समस्यायों को अनेकों बार जिला चिकित्सा अधिकारी से लेकर संबंधित विभाग के मंत्री को भी लिखित में जानकारी प्रदान कर दी गई है फिर भी स्टाफ की समस्या से निजात नहीं मिल पा रहा है।

### आई सी यू वार्ड तैयार लेकिन चलाने वाले विशेषज्ञ नहीं

कोविड काल की तैयारियों और नगण्य स्वास्थ्य सुविधाओं का खामियाजा लगभग हर परिवार ने भोगा है। जिसे लेकर सरकार ने अब हर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक गहन चिकित्सा कक्ष बनाने का निर्णय लिया है।कोविड काल में अपनी महती भूमिका निभाने वाली तेंदूखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी 12 वेड गहन चिकित्सा कक्ष बन भी चुके है। चूंकि काम ऊपर से निर्धारित हुए ठेकेदार ने करवाया है।छुट पुट व्यवस्थाओं को छोड़कर काम हो भी चुका है। नौ वेड एक साथ और तीन वेड जनरल वार्ड में जगह के मान से स्थापित किए गए हैं।कक्ष बनकर तो तैयार है लेकिन इसे चलायेगा कौन। चूंकि इसे चलाने के लिए सुरक्षा गार्ड के कर्मी नहीं वरन एम डी डाक्टरों की आवश्यकता हुआ करती है और तेंदूखेड़ा की सरकारी अस्पताल स्वास्थ्य कर्मियों के नाम से अछूती है। यहां पर सीखने वाले वांड डाक्टर भेजकर केवल खानापूर्ति की जा रही है। कुछ संविदा डाक्टर और आयुष डाक्टर के कारण अस्पताल चल पा रही है नहीं तो भगवान ही मालिक है। सोचनीय विषय तो यह बना हुआ है कि भीषण गंभीर दुर्घटनाओं के समय उक्त स्टाप ही अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने तत्पर बना रहता है।



### 24 घंटे देते हैं सेवाएं

यहां पर सबसे बड़ा एक और सोचनीय विषय यह भी बना हुआ है कि यहां पर तैनात डाक्टर आठ घंटे की जगह 24 घंटे सेवाएं देते हुए देखे सुने जाते हैं। ऊपर से यदि किसी गंभीर रूप से पीड़ित कोई मरीज या दुर्घटना में पीड़ित लोग आ जाते हैं तो उनकी व्यवस्था में भी उक्त डाक्टर अपनी टीम के साथ खड़े रहते हैं। वहीं लोगों को सुविधाएं और आवश्यक स्वास्थ्य लाभ देने के बाबजूद भी मरीजों के साथ आने वाले लोगों के कोप का भाजन भी बनना पड़ता है।

### सिविल अस्पताल की जरूरत*

तीन जिलों की सीमाओं पर स्थित 30 वेड वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा को अब सिविल अस्पताल बनाये जाने की जरूरत है। बढ़ती मरीजों की संख्या प्रसूति महिलाओं और दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए अस्पताल में जहां जगह कम पड़ने लगी है वहीं सुविधाओं के विस्तार की महती आवश्यकता है। अस्पताल में माननीयों द्वारा अपनी निधि से प्रदाय की गई सामग्री को रखने के लिए उचित व्यवस्था ना होने के कारण सामग्री बाहन इत्यादि खराब हो रहे हैं। यहां पर नवीन भवन भी शीघ्र बनना है जगह हेतु भी सीमांकन हो चुका है।भवन गुणवत्ता पूर्ण तरीके से बन जाये जिसमें सभी वर्गों का सहयोग अपेक्षित है।

### सुरक्षा के उचित प्रबंध नहीं

अस्पताल नगर के बाहर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 जबलपुर भोपाल सड़क मार्ग पर किनारे स्थित है। सुरक्षा की दृष्टि से कोई उचित व्यवस्था नहीं है। छोटे छोटे नवजात शिशुओं की सुरक्षा से लेकर गंभीर मरीजों फिर महिलाओं को रात्रि में अकेले रहने के साथ महिला स्वास्थ्य कर्मियों को भी यहां पर अकेला रहना हमेशा खतरों से खाली नहीं होता ऊपर से रात्रि के समय इन स्वास्थ्य कर्मियों के साथ होने वाली बदसलूकी पर इनके संरक्षण की दिशा में कोई साथ खड़ा नहीं होता है। बल्कि बाहरी मानकर उल्टा दबाकर भाग निकलते हैं।इस विषय को लेकर पूर्व में भी समाचार पत्रों के माध्यम से जिला प्रशासन के अधिकारियों को जानकारी दी गई थी फोरलेन सड़क निर्माण के उपरांत अस्पताल की बाउंड्री वॉल का हवाला दिया था जिसे लेकर यहां पर बाउंड्री वॉल बनने के लिए खनिज विभाग मद से राशि मुहैया कराई गई है। पूर्व में केंद्र के जीर्णोद्धार के लिए लाखों रुपए स्वीकृत हुए थे लेकिन संबंधित ठेकेदार थूक लपेटा करके वरिष्ठ अधिकारियों के स्वार्थों को सिद्ध करके चले गए।

### पुलिस सुरक्षा बल तैनात हो

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा नगर के बाहर मुख्य सड़क मार्ग पर स्थित है।आये दिन यहां पर शराबी तत्वों का आना-जाना लगा रहता है और मरीजों को लेकर बाद विवाद भी किया करतें हैं। ऐसी स्थिति में यहां पर पुलिस बल की नितांत आवश्यकता है।

### इनका कहना है

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा में काफी लंबे समय से स्टाफ की समस्या बनीं हुई है। इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत भी करा दिया गया है। स्टाफ की कमी के चलते वर्तमान में पदस्थ स्टाफ को ही स्वास्थ्य सेवाएं देनी पड़ती है। कभी-कभी तो 24 घंटे सेवाएं देना पड़ती है और मरीजों के साथ आने वाले लोगों की गुस्सा का शिकार होना पड़ता है। यहां पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल की भी जरूरत है।

**डा दामोदर जाटव**
**प्रभारी चिकित्सा अधिकारी**